"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2012-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 7] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 13 फरवरी 2015—माघ 24, शक 1936

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 24 जनवरी 2015

क्रमांक एफ 1-72/2001/1-15.—राज्य शासन एतद्द्वारा वन संरक्षक वेतनमान 37400-67000, ग्रेड पे 8900 में पदोन्नत निम्नांकित अधिकारियों को स्तंभ-4 में दर्शाये अनुसार अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ किया जाता है :—

क्र.	अधिकारियों का नाम	वर्तमान पदस्थापना	नवीन पदस्थापना
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	श्री जे. के. कटकवार, (1999)	वन मण्डलाधिकारी, कार्य आयोजना, वनमंडल अंबिकापुर.	वन संरक्षक (कार्य आयोजना) सरगुजा

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2015.

(1)	(2)	(3)	(4)
2.	श्री पी. के. केशर, (1999)	संचालक, अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व, बिलासपुर.	वन संरक्षक (कार्य आयोजना) बिलासपुर.
3.	श्री देवाशीष बैनर्जी (1999)	उप वन संरक्षक, कार्यालय प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य वन विकास निगम, रायपुर.	वन संरक्षक (कार्य आयोजना) रायपुर
4.	श्री आशुतोष मिश्रा, (1999)	वनमंडलाधिकारी, महासमुंद, वन मण्डल, महासमुंद छ.ग.	वन संरक्षक, वन प्रबंधन एवं सूचना प्रणाली वन मण्डल, रायपुर.
5.	श्री ए. बी. मिंज, (2000)	वनमंडलाधिकारी, अनुसंधान एवं विस्तार वन मंडल, बिलासपुर.	अपर निदेशक, राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर.
6.	श्री राजेश नान्होरया, (2000)	उप महाप्रबंधक, छ.ग. राज्य लघु वनोपज संघ.	वन संरक्षक (भू-प्रबंध), कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, छ.ग. रायपुर.
7.	श्री ए. के. वाहने (2000)	वन मण्डलाधिकारी, बालोद वनमंडल बालोद, छ.ग.	क्षेत्रीय महाप्रबंधक, रायपुर वन विकास निगम, रायपुर में प्रतिनियुक्ति पर.

2. श्री ए. के. विश्वास, (1994), वन संरक्षक (भू-प्रबंध), कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, छ.ग. रायपुर को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त वन संरक्षक (उत्पादन), कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, छ.ग., रायपुर के पद पर पदस्थ किया जाता है.

3. श्री ए. एच. कपासी, (1995), अपर निदेशक, राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त वन संरक्षक (विकास/योजना), कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, छ.ग., रायपुर के पद पर पदस्थ किया जाता है.

4. प्रतिनियुक्ति में पदस्थ भारतीय वन सेवा के अधिकारी, यदि संवर्ग में वन संरक्षक के पद पर कार्यभार ग्रहण करते हैं अथवा बंद लिफाफा खोला जाता है, तो ऐसी स्थिति में संवर्ग के कनिष्ठतम वन संरक्षक को पदावनत किया जावेगा.

नया रायपुर, दिनांक 27 जनवरी 2015

क्रमांक ई-1-18/2014/एक/2.—भारतीय प्रशासनिक सेवा के निम्नांकित अधिकारी को भा.प्र.से. (वेतन) नियम, 2007 के नियम 3(1)(2) के परन्तुक के अंतर्गत आवंटन वर्ष से 09 वर्ष की सेवा पूर्ण किये जाने के फलस्वरूप उनकी अर्हता दिनांक 01-01-2015 से सेवा के कनिष्ठ प्रशासनिक वेतनमान (पे बैंड-3, रु. 15600-39100 और ग्रेड पे रु. 7600) में अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त, स्थानापन्न रूप से नियुक्त किया जाता है :—

स. क्र.	अधिकारी का नाम एवं आवंटन वर्ष	पदस्थापना	नवीन पदस्थापना
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	सुश्री श्रुति सिंह (2006)	प्रबंध संचालक, छ.ग. हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित तथा अतिरिक्त प्रभार-प्रबंध संचालक, छ.ग. खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड एवं प्रबंध संचालक, छ.ग. माटी कला बोर्ड.	प्रबंध संचालक, छ.ग. हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित तथा अतिरिक्त प्रभार-प्रबंध संचालक, छ.ग. खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड एवं प्रबंध संचालक, छ.ग. माटी कला बोर्ड.
2.	श्री अंकित आनन्द (2006)	कलेक्टर, बस्तर	कलेक्टर, बस्तर

(1)	(2)	(3)	(4)
3.	श्री सी. आर. प्रसन्ना (2006)	संचालक, समाज कल्याण एवं अतिरिक्त प्रभार-प्रबंध संचालक, कृषि विपणन मंडी बोर्ड.	संचालक, समाज कल्याण एवं अतिरिक्त प्रभार-प्रबंध संचालक, कृषि विपणन मंडी बोर्ड.
4.	श्री एलेक्स व्ही. एफ पाल मेनन (2006)	कलेक्टर, बलरामपुर	कलेक्टर, बलरामपुर
5.	श्री भुवनेश यादव (2006)	उप सचिव, सहकारिता विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार-संचालक, उद्यानिकी.	संयुक्त सचिव, सहकारिता विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार-संचालक, उद्यानिकी.
6.	श्री सोलई भारती दासन (2006)	प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य विपणन संघ मर्यादित, रायपुर.	प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य विपणन संघ मर्यादित, रायपुर.
7.	श्री पी. दयानन्द (2006)	कलेक्टर, कबीरधाम	कलेक्टर, कबीरधाम

2. भारत सरकार, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली के पत्र क्र. 11030/36/2008-AIS-II, दिनांक 21-05-2010 में निहित मार्गदर्शन अनुसार कनिष्ठ प्रशासनिक वेतनमान देय तिथि से भूतलक्षी प्रभाव से दिया जा सकता है.

3. उपरोक्त भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों को कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (जूनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड-Non Functional Grade) इस शर्त के अधीन स्वीकृत किया जाता है कि वे भविष्य में मिड कैरियर ट्रेनिंग फेज-III कार्यक्रम में अनिवार्यत: भाग लेंगे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विवेक ढांड, मुख्य सचिव.

नया रायपुर, दिनांक 24 जनवरी 2015

क्रमांक/एफ 1-14/2014/एक-14/भापुसे.—राज्य शासन एतद्द्वारा भारतीय पुलिस सेवा के 1997 आवंटन वर्ष के श्री दीपांशु विजय काबरा, को आवंटन वर्ष से 18 वर्ष की सेवा दिनांक 01-01-2015 को पूर्ण कर लेने के फलस्वरूप, भा.पु.से. वेतन नियम, 2007 के नियम 3(2) (ii) के अंतर्गत, उक्त तिथि अर्थात दिनांक 01-01-2015 से सेवा के पुलिस महानिरीक्षक वेतनमान (पे बैंड-4, रुपये 37400-67000 + ग्रेड पे रुपये 10,000/-) में पदोन्नत किया जाता है, तथा उन्हें अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक उप पुलिस महानिरीक्षक, एस.आई.बी./नक्सल अभियान, पुलिस मुख्यालय, रायपुर के पद पर पदस्थ किया जाता है.

2. राज्य शासन, भारतीय पुलिस सेवा (वेतन) नियम 2007 के नियम-9 के तहत उप पुलिस महानिरीक्षक, एस.आई.बी. के संवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में भारतीय पुलिस सेवा के पुलिस महानिरीक्षक के पद के समकक्ष घोषित किया जाता है.

3. भारत सरकार गृह मंत्रालय के पत्र क्रमांक 11012/15/2014-IPS-I दिनांक 27-11-2014 द्वारा उक्त वेतनमान में पदोन्नति हेतु 02 रिक्तियों का निर्धारण किया गया है.

नया रायपुर, दिनांक 24 जनवरी 2015

क्रमांक/एफ 1-14/2014/एक-14/भापुसे.—राज्य शासन एतद्द्वारा भारतीय पुलिस सेवा के 2002 आवंटन वर्ष के निम्नलिखित अधिकारियों को, आवंटन वर्ष से 13 वर्ष की सेवा दिनांक 01-01-2015 को पूर्ण कर लेने के फलस्वरूप, भा.पु.से. वेतन नियम, 2007 के नियम 3 (2) (ii)

के अंतर्गत, उक्त तिथि अर्थात दिनांक 01-01-2015 से सेवा के चयन श्रेणी वेतनमान (पे बैंड 37400-67,000+ग्रेड पे रु. 8,700/-) प्रदान किया जाता है :—

क्रमांक	अधिकारी का नाम
1.	श्री के. सी. अग्रवाल, भापुसे (2002) सहायक पुलिस महानिरीक्षक, दूरसंचार पुलिस मुख्यालय, रायपुर.
2.	श्री के. के. अग्रवाल, भापुसे (2002) पुलिस अधीक्षक (रेल) एवं सहायक पुलिस महानिरीक्षक योजना/प्रबंध, पुलिस मुख्यालय, रायपुर.

2. भारत सरकार गृह मंत्रालय के पत्र क्रमांक 11012/15/2014-IPS-I, दिनांक 27-11-2014 द्वारा उक्त वेतनमान में पदोन्नति हेतु 03 रिक्तियों का निर्धारण किया गया है.

नया रायपुर, दिनांक 24 जनवरी 2015

क्रमांक/एफ 1-14/2014/एक-14/भापुसे.—राज्य शासन एतद्द्वारा भारतीय पुलिस सेवा के 2001 आवंटन वर्ष के डॉ. आनंद छाबड़ा, पुलिस अधीक्षक, जिला दुर्ग (छ.ग.) को आवंटन वर्ष से 14 वर्ष की सेवा दिनांक 01-01-2015 को पूर्ण कर लेने के फलस्वरूप, भा.पु.से. वेतन नियम, 2007 के नियम 3(2) (ii) के अंतर्गत, उक्त तिथि अर्थात दिनांक 01-01-2015 से सेवा के उप पुलिस महानिरीक्षक वेतनमान (पे बैंड-4, रुपये 37400-67000 + ग्रेड पे रुपये 8,900/-) में पदोन्नत किया जाता है, तथा उन्हें अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक पुलिस अधीक्षक, जिला दुर्ग के पद पर पदस्थ किया जाता है.

2. राज्य शासन, एतद्द्वारा भारतीय पुलिस सेवा (वेतन) नियम 2007 के नियम 9 के तहत पुलिस अधीक्षक, जिला दुर्ग (छ.ग.) के संवर्गीय पद को प्रतिष्ठता एवं जिम्मेदारी में भारतीय पुलिस सेवा के उप पुलिस महानिरीक्षक के पद के समकक्ष घोषित किया जाता है.

3. भारत सरकार गृह मंत्रालय के पत्र क्रमांक 11012/15/2014-IPS-I दिनांक 27-11-2014 द्वारा उक्त वेतनमान में पदोन्नति हेतु 02 रिक्तियों का निर्धारण किया गया है.

नया रायपुर, दिनांक 24 जनवरी 2015

क्रमांक/एफ 1-14/2014/एक-14/भापुसे.—राज्य शासन द्वारा भारतीय पुलिस के वर्तमान में केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत, श्री जयदीप सिंह, भापुसे (सीजी-1997) को, भा.पु.से. वेतन नियम, 2007 के नियम 3(2) (ii) के अंतर्गत, दिनांक 01-01-2015 से सेवा के Super Time Scale पुलिस महानिरीक्षक वेतनमान (Pay Band-4: रुपये 37,400-67,000 + ग्रेड पे रुपये 10,000/-) में प्रोफार्मा पदोन्नति प्रदान की जाती है.

2. भारत सरकार गृह मंत्रालय के पत्र क्रमांक 11012/15/2014-IPS-I दिनांक 27-11-2014 द्वारा उक्त वेतनमान में पदोन्नति हेतु 02 रिक्तियों का निर्धारण किया गया है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
निधि छिब्बर, सचिव.

नया रायपुर, दिनांक 16 दिसंबर 2014

क्रमांक एफ 1-3/2014/1/5.—भारत सरकार गृह मंत्रालय की अधिसूचना क्रमांक 20-25-56-पब-एक, दिनांक 08 जून, 1957 के साथ पढ़ी गई पराक्राम्य लिखित अधिनियम (निगोशिएबल इस्ट्रूमेंट्स एक्ट), 1881 (1881 का क्रमांक 26) की धारा 25 के स्पष्टीकरण द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा, संलग्न परिशिष्ट "क" एवं "ख" में दर्शाये गए नगरीय निकायों (नगरपालिक निगम, नगरपालिका परिषद्, नगर पंचायतों एवं नगर पालिका परिषद उप निर्वाचन) के आम चुनाव के सिलसिले में प्रथम चरण के मतदान की तिथि सोमवार, दिनांक 29 दिसंबर 2014 एवं द्वितीय चरण के मतदान की तिथि बुधवार दिनांक 31 दिसंबर, 2014 को मतदान करने के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित करता है.

2. क्रमांक एफ 1-3/2014/1/5 राज्य शासन एतद्द्वारा, उपरोक्तानुसार नगरीय निकायों के आम चुनाव के सिलसिले में यह भी घोषित करता है कि प्रथम चरण के मतदान की तिथि सोमवार, दिनांक 29 दिसंबर, 2014 एवं द्वितीय चरण के मतदान की तिथि बुधवार दिनांक 31 दिसंबर, 2014 को मतदान करने के लिए संलग्न परिशिष्ट "क" एवं "ख" में दर्शाये गये क्षेत्रों में सामान्य अवकाश का दिन भी होगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सुरेन्द्र कुमार जायसवाल, विशेष सचिव.

परिशिष्ट "क"

मतदान के प्रथम चरण (सोमवार, दिनांक 29 दिसंबर, 2014) में सम्मिलित नगर पालिकाओं की सूची

क्र. (1)	जिला (2)	नगरपालिका का नाम (3)		वार्डों की संख्या (4)
1.	बिलासपुर	नगरपालिका निगम, बिलासपुर		66
		नगरपालिका परिषद्, तिफरा		15
		नगर पंचायत, बोदरी		15
		नगर पंचायत, सिरगिट्टी		15
		नगर पंचायत, संकरी		15
			योग	**126**
2.	मुंगेली	नगर पंचायत, सरगांव		15
			योग	**15**
3.	जांजगीर-चांपा	नगरपालिका परिषद्, चांपा		27
		नगरपालिका परिषद्, जांजगीर-नैला		25
		नगरपालिका परिषद्, अकलतरा		20
		नगरपालिका परिषद्, सक्ती		18
			योग	**90**
4.	कोरबा	नगरपालिका निगम, कोरबा		67
		नगरपालिका परिषद्, दीपका		21
			योग	**88**

(1)	(2)	(3)		(4)
5.	सरगुजा	नगरपालिका निगम, अंबिकापुर		48
			योग	**48**
6.	सूरजपर	नगरपालिका परिषद्, सूरजपुर		18
		नगर पंचायत, भटगांव		15
			योग	**33**
7.	कोरिया	नगरपालिका निगम, चिरमिरी		40
			योग	**40**
8.	रायगढ़	नगरपालिका निगम, रायगढ़		48
		नगर पंचायत, धरमजयगढ़		15
		नगर पंचायत, लैलूंगा		15
			योग	**78**
9.	जशपुर	नगरपालिका परिषद्, जशपुर नगर		20
		नगर पंचायत, बगीचा		15
			योग	**35**
10.	रायपुर	नगरपालिका निगम, रायपुर		70
			योग	**70**
11.	बलौदाबाजार	नगरपालिका परिषद्, भाटापारा		31
		नगर पंचायत, सिमगा		15
			योग	**46**
12.	गरियाबंद	नगरपालिका परिषद्, गरियाबंद		15
		नगर पंचायत, छुरा		15
			योग	**30**
13.	महासमुंद	नगरपालिका परिषद्, सरायपाली		15
		नगर पंचायत, पिथौरा		15
		नगर पंचायत, तुमगांव		15
			योग	**45**
14.	धमतरी	नगरपालिका निगम, धमतरी		40
		नगर पंचायत, आमदी		15
			योग	**55**

(1)	(2)	(3)		(4)
15.	दुर्ग	नगरपालिका निगम, दुर्ग		60
			योग	**60**
16.	बालोद	नगरपालिका परिषद्, दल्लीराजहरा		27
		नगर पंचायत, डौंडी		15
		नगर पंचायत, चिखलाकसा		15
			योग	**57**
17.	बेमेतरा	नगरपालिका परिषद्, बेमेतरा		21
		नगर पंचायत, बेरला		15
		नगर पंचायत, नवागढ़		15
			योग	**51**
18.	राजनांदगांव	नगरपालिका निगम, राजनांदगांव		51
			योग	**51**
19.	कबीरधाम	नगरपालिका परिषद्, कवर्धा		27
		नगर पंचायत, पिपरिया		15
			योग	**42**
20.	बस्तर	नगरपालिका निगम, जगदलपुर		48
			योग	**48**
21.	कोण्डागांव	नगरपालिका परिषद्, कोण्डागांव		22
			योग	**22**
22.	उ. ब. कांकेर	नगर पंचायत, पखांजूर		15
		नगर पंचायत, अंतागढ़		15
			योग	**30**
23.	द.ब. दंतेवाड़ा	नगर पंचायत, दन्तेवाड़ा		15
		नगर पंचायत, गीदम		15
		नगर पंचायत, बारसूर		15
			योग	**45**
24.	सुकमा	नगरपालिका परिषद्, सुकमा		15
			योग	**15**

(1)	(2)	(3)		(4)
25.	नारायणपुर	नगरपालिका परिषद्, नारायणपुर		15
			योग	**15**
26.	बीजापुर	नगरपालिका परिषद्, बीजापुर		15
			योग	**15**

नगर पालिका परिषद् खैरागढ़ के वार्ड क्रमांक-3 के रिक्त पार्षद पद की पूर्ति के लिए उप निर्वाचन

1.	राजनांदगांव	नगरपालिका परिषद्, खैरागढ़		1
			योग	**1**

परिशिष्ट "ख"

मतदान के द्वितीय चरण (बुधवार, दिनांक 31 दिसंबर, 2014) में सम्मिलित नगर पालिकाओं की सूची

क्र. (1)	जिला (2)	नगरपालिका का नाम (3)		वार्डों की संख्या (4)
1.	बिलासपुर	नगरपालिका परिषद्, तखतपुर		15
		नगरपालिका परिषद्, रतनपुर		15
		नगर पंचायत, बिल्हा		15
		नगर पंचायत, कोटा		15
		नगर पंचायत, पेंड्रा		15
		नगर पंचायत, गौरेला		15
		नगर पंचायत, मल्हार		15
			योग	**105**
2.	मुंगेली	नगरपालिका परिषद्, मुंगेली		22
		नगर पंचायत, लोरमी		15
		नगर पंचायत, पथरिया		15
			योग	**52**
3.	जांजगीर-चांपा	नगर पंचायत, खरौद		15
		नगर पंचायत, नया बाराद्वार		15
		नगर पंचायत, शिवरीनारायण		15
		नगर पंचायत, बलौदा		15
		नगर पंचायत, अड़भार		15

(1)	(2)	(3)	(4)
		नगर पंचायत, जैजेपुर	15
		नगर पंचायत, डभरा	15
		नगर पंचायत, चन्द्रपुर	15
		नगर पंचायत, सारागांव	15
		नगर पंचायत, नवागढ़	15
		नगर पंचायत, राहौद	15
		योग	**165**
4.	कोरबा	नगरपालिका परिषद्, कटघोरा	15
		नगर पंचायत, पाली	15
		नगर पंचायत, छुरीकला	15
		योग	**45**
5.	सरगुजा	नगर पंचायत, सीतापुर	15
		नगर पंचायत, लखनपुर	15
		योग	**30**
6.	सूरजपुर	नगर पंचायत, प्रतापपुर	15
		नगर पंचायत, विश्रामपुर	15
		नगर पंचायत, जरही	15
		योग	**45**
7.	बलरामपुर	नगरपालिका परिषद्, बलरामपुर	15
		नगर पंचायत, रामानुजगंज	15
		नगर पंचायत, वाड्रफनगर	15
		नगर पंचायत, राजपुर	15
		नगर पंचायत, कुसमी	15
		योग	**75**
8.	कोरिया	नगरपालिका परिषद्, मनेन्द्रगढ़	22
		नगर पंचायत, झगराखांड	15
		नगर पंचायत, खोंगापानी	15
		नगर पंचायत, नईलेदरी	15
		योग	**67**
9.	रायगढ़	नगरपालिका परिषद्, खरसिया	18
		नगर पंचायत, घरघोड़ा	15
		नगर पंचायत, सरिया	15
		नगर पंचायत, बरमकेला	15
		नगर पंचायत, किरोड़ीमल नगर	15
		नगर पंचायत, पुसौर	15
		योग	**93**

(1)	(2)	(3)	(4)
10.	जशपुर	नगर पंचायत, पत्थलगांव	15
		नगर पंचायत, कोतबा	15
		नगर पंचायत, कुनकुरी	15
		योग	**45**
11.	रायपुर	नगरपालिका परिषद्, तिल्दा नेवरा	22
		नगरपालिका परिषद् गोबरा नवापारा	21
		नगरपालिका परिषद्, आरंग	15
		नगर पंचायत, अभनपुर	15
		नगर पंचायत, खरोरा	15
		नगर पंचायत, माना कैम्प	15
		नगर पंचायत, कुंरा	15
		योग	**118**
12.	बलौदाबाजार	नगरपालिका परिषद् बलौदाबाजार	21
		नगर पंचायत, बिलाईगढ़	15
		नगर पंचायत, कसडोल	15
		नगर पंचायत, पलारी	15
		नगर पंचायत, भटगांव	15
		नगर पंचायत टुंडरा	15
		नगर पंचायत, लवन	15
		योग	**111**
13.	गरियाबंद	नगर पंचायत, फिंगेश्वर	15
		नगर पंचायत, राजिम	15
		योग	**30**
14.	महासमुंद	नगरपालिका परिषद्, महासमुंद	30
		नगरपालिका परिषद्, बागबाहरा	15
		नगर पंचायत, बसना	15
		योग	**60**
15.	धमतरी	नगर पंचायत, मगरलोड	15
		नगर पंचायत, नगरी	15
		नगर पंचायत, कुरूद	15
		नगर पंचायत, भखारा	15
		योग	**60**
16.	दुर्ग	नगरपालिका परिषद्, कुम्हारी	24
		नगरपालिका परिषद्, अहिवारा	15

(1)	(2)	(3)	(4)
		नगर पंचायत, धमधा	15
		नगर पंचायत, पाटन	15
		नगर पंचायत, उतई	15
		योग	**84**
17.	बालोद	नगरपालिका परिषद्, बालोद	20
		नगर पंचायत, गुण्डरदेही	15
		नगर पंचायत, डौंडीलोहारा	15
		नगर पंचायत, गुरूर	15
		नगर पंचायत, अर्जुन्दा	15
		योग	**80**
18.	बेमेतरा	नगर पंचायत, देवकर	15
		नगर पंचायत, साजा	15
		नगर पंचायत, थान खम्हरिया	15
		नगर पंचायत, परपोडी	15
		योग	**60**
19.	राजनांदगांव	नगरपालिका परिषद्, डोंगरगढ़	24
		नगर पंचायत, अम्बागढ़ चौकी	15
		नगर पंचायत, छुई खदान	15
		नगर पंचायत, डोंगरगांव	15
		नगर पंचायत, गंडई	15
		नगर पंचायत, छुरिया	15
		योग	**99**
20.	कबीरधाम	नगर पंचायत, पंडरिया	15
		नगर पंचायत, बोड़ला	15
		नगर पंचायत, पाण्डातराई	15
		नगर पंचायत, सहसपुर लोहारा	15
		योग	**60**
21.	बस्तर	नगर पंचायत, बस्तर	15
		योग	**15**
22.	कोण्डागांव	नगर पंचायत, फरसगांव	15
		नगर पंचायत, केशकाल	15
		योग	**30**

(1)	(2)	(3)		(4)
23.	उ. ब. कांकेर	नगरपालिका परिषद्, कांकेर		21
		नगर पंचायत, भानुप्रतापपुर		15
		नगर पंचायत, चारामा		15
			योग	**51**
24.	द.ब. दन्तेवाड़ा	नगरपालिका परिषद्, किरन्दुल		18
		नगरपालिका परिषद्, बड़ी बचेली		18
			योग	**36**
25.	सुकमा	नगर पंचायत, दोरनापाल		15
			योग	**15**

नया रायपुर, दिनांक 9 जनवरी 2015

क्रमांक एफ 01-04/2014/1/5.—राज्य शासन एतद्द्वारा, त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन वर्ष 2014-15 हेतु संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में प्रथम चरण बुधवार दिनांक 28-01-2015, द्वितीय चरण रविवार दिनांक 01-02-2015 एवं तृतीय चरण बुधवार दिनांक 04-02-2015 को मतदान के लिये सामान्य अवकाश घोषित करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सुरेन्द्र कुमार जायसवाल, विशेष सचिव.

नया रायपुर, दिनांक 28 जनवरी 2015

क्रमांक एफ 7-05/2015/एक/15.—राज्य शासन, एतद्द्वारा श्री व्ही. शेट्टीपनावर, मुख्य वनसंरक्षक, राष्ट्रीय बांस मिशन को दिनांक 24-01-2015 से 31-01-2015 तक कुल 08 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत करते हुए अवकाश अवधि में मुख्यालय से बाहर रहने की अनुमति प्रदान की जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री शेट्टीपनावर, मुख्य वनसंरक्षक, राष्ट्रीय बांस मिशन के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश अवधि में श्री शेट्टीपनावर को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री शेट्टीपनावर अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

नया रायपुर, दिनांक 20 जनवरी 2015

क्रमांक एफ 7-01/2015/एक/15.—राज्य शासन, एतद्द्वारा श्री पी. सी. मिश्रा, सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को दिनांक 02-01-2015 से 07-01-2015 तक कुल 06 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री मिश्रा, सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश अवधि में श्री मिश्रा को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री मिश्रा अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

नया रायपुर, दिनांक 20 जनवरी 2015

क्रमांक एफ 7-04/2014/एक/15.—राज्य शासन, एतद्द्वारा श्री प्रताप सिंह, भा.व.से., आयुक्त, स्वास्थ्य सेवायें को दिनांक 12-01-2015 से 07-02-2015 तक कुल 27 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 08-02-2015 के राजपत्रित अवकाश को जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री सिंह, आयुक्त, स्वास्थ्य सेवायें, छत्तीसगढ़ के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश अवधि में श्री सिंह को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री सिंह अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

नया रायपुर, दिनांक 21 जनवरी 2015

क्रमांक एफ 7-02/2015/एक/15.—राज्य शासन, एतद्द्वारा श्री सुकृत लाल साव, वन संरक्षक, छत्तीसगढ़ को दिनांक 09-02-2015 से 05-03-2015 तक कुल 25 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 08-02-2015 एवं दिनांक 06-03-2015 के राजपत्रित अवकाश को जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री साव, वन संरक्षक, छत्तीसगढ़ के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश अवधि में श्री साव को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री साव अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

नया रायपुर, दिनांक 21 जनवरी 2015

क्रमांक एफ 7-20/2014/एक/15.—राज्य शासन, एतद्द्वारा श्री आर. के. टम्टा, भा.व.से., अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन), छत्तीसगढ़ को दिनांक 16-02-2015 से 28-02-2015 तक कुल 13 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा दिनांक 14-15 फर. 2015 का पूर्ववर्ती एवं दिनांक 01-03-2015 का पश्चातवर्ती राजपत्रित अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है. उक्त अवकाश अवधि में मुख्यालय से बाहर रहने की अनुमति भी प्रदान की जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री टम्टा, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन), छत्तीसगढ़ के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश अवधि में उक्त अधिकारी को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री टम्टा अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

नया रायपुर, दिनांक 29 जनवरी 2015

क्रमांक एफ 7-30/2014/एक/15.—राज्य शासन, एतद्द्वारा श्री आर. के. गोवर्धन, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशा.राज.), छत्तीसगढ़ को समसंख्यक आदेश 06-01-2015 द्वारा स्वीकृत अर्जित अवकाश को निरस्त करते हुए दिनांक 27-01-2015 से 13-02-2015 तक कुल 18 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 25-26 जनवरी तथा 14-15 फरवरी 2015 के राजपत्रित अवकाश के उपभोग की अनुमति दी जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री गोवर्धन, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशा. राज.), छत्तीसगढ़ के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश अवधि में श्री गोवर्धन को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री गोवर्धन अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. एल. आदिले, उप-सचिव.

नया रायपुर, दिनांक 24 जनवरी 2015

क्रमांक ई 7-44/2004/1/2.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री विकास शील, भा.प्र.से., सचिव, छत्तीसगढ़ शासन को दिनांक 13-05-2015 से दिनांक 30-05-2015 तक (18 दिवस) अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. अवकाश काल में श्री विकास शील को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

3. प्रमाणित किया जाता है कि श्री विकास शील अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मुकुन्द गजभिये, अवर सचिव.

नया रायपुर, दिनांक 2 दिसम्बर 2014

क्रमांक-बी-1-20/2014/एक/4.—राज्य शासन एतद्द्वारा इस विभाग के आदेश क्रमांक बी-1-5/2005/एक/4, दिनांक 14-03-2012 द्वारा राज्य प्रशासनिक सेवा संवर्ग में स्वीकृत 330 पदों के स्थान पर 372 पदों की नवीन पद संरचना स्वीकृत करता है.

2. नवीन पद संरचना में पदों का श्रेणीवार विभाजन निम्नानुसार होगा :—

स. क्र.	राज्य प्रशासनिक सेवा संवर्ग में स्वीकृत वेतनमान श्रेणी	राज्य प्रशासनिक सेवा (भरती, वर्गीकरण तथा सेवा शर्तें) नियम 1975 में निहित प्रावधान अनुसार श्रेणीवार विभाजन का प्रतिशत	कॉलम (3) में निर्धारित प्रतिशत के अनुसार पदों की संख्या
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	रु. 37400-67000 एवं ग्रेड वेतन-8900 (अधिसमय वेतनमान श्रेणी)	कुल पदों का 3 प्रतिशत	11

(1)	(2)	(3)	(4)
2.	रु. 37400-67000 एवं ग्रेड वेतन-8700 (वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान)	कुल पदों का 6 प्रतिशत	22
3.	रु. 15600-39100 एवं ग्रेड वेतन-7600 (प्रवर श्रेणी वेतनमान)	कुल पदों का 18 प्रतिशत	67
4.	रु. 15600-39100 एवं ग्रेड वेतन-6600 (वरिष्ठ श्रेणी वेतनमान)	कुल पदों का 25 प्रतिशत	93
5.	15600-39100 एवं ग्रेड वेतन-5400 (कनिष्ठ श्रेणी वेतनमान)	कुल पदों का 48 प्रतिशत	179
		कुल योग	**372**

3. संवर्ग में स्वीकृत 372 पदों का विभाजन निम्नानुसार होगा :—

(1)	कर्तव्य पद :—	(अ)	जिलों के लिए	216
		(ब)	अन्य विभागों के लिए	60
(2)	प्रतिनियुक्ति रक्षित	—		73
(3)	अवकाश रक्षित	—		07
(4)	प्रशिक्षण रक्षित	—		16
			योग	**372**

4. उपरोक्तानुसार नवीन पद संरचना के संबंध में वित्त विभाग के कम्प्यूटर क्र. 2200698, दिनांक 30-10-2014 द्वारा सहमति प्रदान की गई है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. आर. ठाकुर, अवर सचिव.

नया रायपुर, दिनांक 16 दिसम्बर 2014

क्रमांक एफ 7-32/2014/एक-14/भापुसे.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, श्री डी. श्रवण, भा.पु.से. (2008), पुलिस अधीक्षक, सुकमा को दिनांक 22-12-2014 से दिनांक 09-01-2015 तक (कुल 19 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत करते हुए, दिनांक 20 एवं 21-12-2014 तथा दिनांक 10 एवं 11-01-2015 को विज्ञप्त शासकीय अवकाश के उपयोग की अनुमति प्रदान करता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री श्रवण आगामी आदेश तक पुलिस अधीक्षक, सुकमा के पद पर पुन: पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में श्री श्रवण को अवकाश वेतन भत्ते एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने से पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री डी. श्रवण, भा.पु.से. (2008) अवकाश पर नहीं जाते, तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

5. श्री श्रवण की अवकाश अवधि में पुलिस अधीक्षक, सुकमा के पद का प्रभार श्री जे. एस. वट्टी, भापुसे, सेनानी, ए.पी.टी.सी., बारसूर को उनके वर्तमान कर्त्तव्यों के साथ-साथ सौंपा जाता है.

नया रायपुर, दिनांक 1 जनवरी 2015

क्रमांक एफ 7-19/2014/एक-14/भापुसे.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 01-12-2014 द्वारा श्री अशोक जुनेजा, भा.पु.से. (1989), विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी/सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, गृह विभाग, मंत्रालय, रायपुर को दिनांक 29-12-2014 से दिनांक 07-01-2015 तक (कुल 10 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत करते हुए, दिनांक 28-12-2014 को विज्ञप्त शासकीय अवकाश के उपभोग की अनुमति प्रदान की गई है.

2. तदनुसार श्री जुनेजा की अवकाश अवधि में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी/सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, गृह विभाग, मंत्रालय, रायपुर के पद का प्रभार श्री हिमांशु गुप्ता, आयुक्त सह-संचालक, तकनीकी शिक्षा, छत्तीसगढ़, रायपुर को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

नया रायपुर, दिनांक 12 जनवरी 2015

क्रमांक एफ 7-30/2014/एक-14/भापुसे.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, श्री हेमकृष्ण राठौर, भापुसे (1998), अतिरिक्त परिवहन आयुक्त, छत्तीसगढ़, रायपुर को दिनांक 26-11-2014 से 09-12-2014 तक (कुल 14 दिवस) के अर्जित अवकाश की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री राठौर, आगामी आदेश तक अतिरिक्त परिवहन आयुक्त, छत्तीसगढ़ रायपुर के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में श्री राठौर को अवकाश वेतन भत्ते एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने से पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री हेमकृष्ण राठौर, भापुसे (1998) अवकाश पर नहीं जाते, तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

नया रायपुर, दिनांक 12 जनवरी 2015

क्रमांक एफ 1-51/2013/एक-14/भापुसे.—राज्य शासन, एतद्द्वारा इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 07-10-2014 द्वारा स्वीकृत अर्जित अवकाश के अनुक्रम में, श्रीमती पारूल माथुर, भापुसे (2008), पुलिस अधीक्षक, बेमेतरा (छ.ग.) (वर्तमान में अवकाश पर) को दिनांक 04-11-2014 से 02-05-2015 तक कुल 180 दिवस के मातृत्व अवकाश की स्वीकृति प्रदान करता है.

2. अवकाश काल में श्रीमती पारूल माथुर को अवकाश वेतन भत्ते एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश में जाने से पूर्व मिलते थे.

3. श्रीमती माथुर की अवकाश अवधि में उनके वेतन/भत्ते अवकाश रक्षित पद के विरुद्ध पुलिस मुख्यालय, रायपुर द्वारा आहरित किया जाकर भुगतान किया जावेगा.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती पारूल माथुर, भापुसे (2008) अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करती रहतीं.

नया रायपुर, दिनांक 12 जनवरी 2015

क्रमांक 38/53/2015/एक-14/भापुसे.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, श्री राहुल भगत, भापुसे (2005), पुलिस अधीक्षक, रायगढ़ को दिनांक 12-01-2015 से 10-02-2015 तक (कुल 30 दिवस) के अर्जित अवकाश की स्वीकृति प्रदान करता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री भगत, आगामी आदेश तक पुलिस अधीक्षक, रायगढ़ के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में श्री भगत को अवकाश वेतन भत्ते एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश में जाने से पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री राहुल भगत, भापुसे (2005) अवकाश पर नहीं जाते, तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

5. श्री भगत की अवकाश अवधि में पुलिस अधीक्षक, रायगढ़ के पद का प्रभार श्री टी. आर. कोसिमा, सेनानी, 6वीं वाहिनी, छसबल, रायगढ़ को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

नया रायपुर, दिनांक 14 जनवरी 2015

क्रमांक एफ 7-33/2014/एक-14/भापुसे.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, श्री एम. अरूण रंगाराजन, भापुसे (परिवीक्षाधीन), अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), दुर्ग को दिनांक 08-12-2014 से 17-12-2014 तक (कुल 10 दिवस) के अर्जित अवकाश की स्वीकृति प्रदान करता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री रंगाराजन, आगामी आदेश तक अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), दुर्ग के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में श्री रंगाराजन को अवकाश वेतन भत्ते एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश में जाने से पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एम. अरूण रंगाराजन, भापुसे (परिवीक्षाधीन) अवकाश पर नहीं जाते, तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. एल. सोनी, अवर सचिव.

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 8 दिसम्बर 2014

क्रमांक एफ 2-18/2010/नौ/55-तीन.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, "छत्तीसगढ़ आयुष स्नातक पाठ्यक्रम प्रवेश नियम, 2014" में निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात् :—

संशोधन नियम- 3 (ख) (4) "आयु सीमा" को निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात् :—

(1) "केवल वे ही अभ्यर्थी बी.ए.एम.एस., बी.यू.एम.एस., बी.एन.वाय.एस. के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु पात्र होंगे, जिन्होंने प्रवेश परीक्षा वर्ष के 31 दिसम्बर को न्यूनतम 17 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो किन्तु 25 वर्ष से अधिक न हो."

(2) "केवल वे ही अभ्यर्थी बी.एच.एम.एस. के स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पात्र होंगे, जिन्होंने प्रवेश परीक्षा वर्ष के 31 दिसम्बर को न्यूनतम 17 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो."

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. एल. रात्रे, संयुक्त सचिव.

महिला एवं बाल विकास विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 11 दिसम्बर 2014

क्रमांक एफ 11-3/2013/मबावि/50.—राज्य शासन एतद्द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2000 यथा संशोधित अधिनियम 2006 की धारा 4 की उपधारा (1) एवं (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए कॉलम 04 में दर्शित प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी/प्रधान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को अध्यक्ष के रूप में अधिसूचित करते हुए तथा राज्य स्तरीय चयन समिति की अनुशंसा अनुसार चयनित सदस्य/सदस्यों को सम्मिलित करते हुए कॉलम 03 में दर्शाये अनुसार क्षेत्र हेतु किशोर न्याय बोर्ड का निम्नानुसार पुनर्गठन करता है :—

क्र.	किशोर न्याय बोर्ड	क्षेत्र/सम्मिलित जिले	किशोर न्याय बोर्ड के अध्यक्ष (प्रधान न्यायाधीश) का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	जगदलपुर	बस्तर, कोण्डागांव एवं नारायणपुर	श्रीमती योगिता विनय वासनीक, प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट, जगदलपुर.
2.	जांजगीर-चांपा	जांजगीर-चांपा	श्रीमती अर्चना भास्कर, प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट जांजगीर.

No. F 11-3/2013/MBV/50.—In exercise of the powers conferred by the sub section (1) and (2) of the section 4 of the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act 2000 as amended 2006, the State Government hereby reconstitutes the Juvenile Justice Boards by notifying Chief Judicial Magistrate/First Class Judicial Magistrate, mentioned in the column 4 as chairperson and Social worker/workers duly selected by the State level selection committee as members for the area mentioned in the column No. 3.

S. No.	Name of the Juvenile Justice Board	Area/Revenue Dist.	Name of the Chairman (Principal Magistrate) of the Juvenile Justice Board
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	Jagdalpur	Bastar, Kondagaon & Narayanpur	Smt. Yogita Vinay Wasnik, Judicial Magistrate, First Class, Jagdalpur.
2.	Janjgir-Champa	Janjgir-Champa	Smt. Archana Bhaskar, Judicial Magistrate, First Class, Janjgir-Champa.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
दिनेश श्रीवास्तव, सचिव.

वाणिज्यिक कर विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 31 दिसम्बर 2014

क्रमांक एफ 6-27/2013/वा.कर./पांच.—राज्य शासन एतद्द्वारा, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा वर्ष 2008 तथा साक्षात्कार के परिणाम के आधार पर वाणिज्यिक कर विभाग में वाणिज्यिक कर अधिकारी के पद पर नियुक्ति के लिए प्रतीक्षा सूची में अनुशंसित किए गए निम्नांकित अभ्यर्थी को उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, दो वर्ष की

परिवीक्षा पर वाणिज्यिक कर अधिकारी के पद पर पुनरीक्षित वेतन बैण्ड रुपये 15600-39100, ग्रेड वेतन रुपये 5400/- में अनन्तिम (Provisional) रूप से नियुक्त किया जाता है, तथा उनकी पदस्थापना वाणिज्यिक कर अधिकारी के रूप में उनके सम्मुख कॉलम 5 में दर्शाये कार्यालय में की जाती है :—

स. क्र.	लोक सेवा आयोग द्वारा अनुशंसित सूची का सरल क्रमांक	अभ्यर्थी का नाम, पिता/पति का नाम एवं वर्तमान डाक का पता	श्रेणी	प्रथम नियुक्ति पर पदस्थापना का जिला अर्थात् जहां से वेतन आहरण होगा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	3.	डॉ. कमल नायक, पिता-स्व. डॉ. हेमलाल नायक C/o डॉ. शक्राजीत नायक, पता-ग्राम-नावापानी/हठितापाली, पोस्ट-बरमकेला, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)	अन्य पिछड़ा वर्ग	अतिरिक्त वाणिज्यिक कर अधिकारी, कार्यालय वाणिज्यिक कर अधिकारी, रायपुर वृत्त-नौ जिला-रायपुर (छ.ग.)

2. (a) आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी द्वारा उसकी जाति प्रमाण पत्र का सत्यापन स्वत: छानबीन समिति से करवाकर दो माह के भीतर इस विभाग को सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी और यदि उक्त नियत अवधि में अभ्यर्थी छानबीन समिति द्वारा सत्यापित जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में असफल रहता है अथवा छानबीन समिति द्वारा सत्यापन के उपरांत उसका जाति प्रमाण पत्र फर्जी/गलत पाया जाता है तो बिना कोई कारण बताए पूर्वाग्रह के बिना इस विभाग द्वारा उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जायेगी तथा झूठा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिए उसके विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता के प्रावधानों के अन्तर्गत यथोचित कार्यवाही भी की जा सकेगी.

   (b) आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों का यह दायित्व होगा कि वह छानबीन समिति द्वारा चाहे गए सभी आवश्यक दस्तावेज/रिकार्ड एवं जानकारियां अपने जाति प्रमाण पत्र के सत्यापन हेतु छानबीन समिति को उपलब्ध करायेगा.

3. उपरोक्त परिवीक्षाधीन अधिकारियों को जब छ.ग. प्रशासन अकादमी, निमोरा, रायपुर में प्रशिक्षण हेतु बुलाया जाएगा, तब वे अपनी उपस्थिति जिले से प्रशासन अकादमी, निमोरा, रायपुर में देकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे.

